

# कॉन्ट्रैक्ट मैरिज

**चाहे शादी हो या लिवइन, आज युवा पार्टनर के साथ रहने का कॉन्ट्रैक्ट बनवा रहे हैं। सच, अजीब है कॉन्ट्रैक्ट मैरिज और अजीब हैं इसकी शर्तें। पर यही बदलते समाज का नया चेहरा है।**

डेढ़ साल पहले बंगलौर में इंफोसिस में काम करनेवाला रोहन चंडीगढ़ में रहनेवाली अपनी गर्लफ्रेंड से अमेरिका में मिला। वह उससे शादी करना चाहता था, पर इस शादी से पहले वह एक कॉन्ट्रैक्ट बनवाना चाहता था। उस कॉन्ट्रैक्ट में साफ-साफ कुछ बातें लिखी थीं, जैसे-लड़के का कहना था कि जो भी मैं कमाऊंगा, उन पैसों से मैं घर का खर्चा दूंगा और अपनी फैमिली की देखभाल करूंगा। दूसरा पॉइंट था कि मैं कहीं भी जा रहा हूं या रात को देर से घर आता हूं तो मेरी पत्नी मुझसे सवाल नहीं करेगी।

लड़की चाहती थी कि यदि मैं अपने बॉस के साथ देश से बाहर कहीं जाती हूं, तो मेरे पति मुझसे नहीं पूछेंगे कि मैं कहां थी, कौन से रूम में थी, किसके साथ थी या मेरे अपने बॉस के साथ कोई शारीरिक संबंध तो नहीं बने, क्योंकि यह मेरे काम का हिस्सा है।

दोनों का कहना था कि कोई भी पार्टनर दूसरे के अतीत को ले कर कोई सवाल नहीं पूछेगा।

लड़के का कहना था कि मैं ड्रिंक करता हूं और मेरी बहुत सारी गर्लफ्रेंड्स हैं, इस पर लड़की को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

सेक्स के मुद्दे पर भी दोनों बहुत क्लीअर थे। लड़की का कहना था कि इस काम के लिए मुझसे किसी तरह की जबर्दस्ती नहीं होगी। जब दोनों की मरजी होगी, तभी शारीरिक संबंध बन सकते हैं। आपस में कोई एक-दूसरे से जोर-जबर्दस्ती से पेश नहीं आएगा।

पढ़ कर हैरानी होती है, पर यह समाज की ऐसी हकीकत है जिससे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। हमारे यहां कहावत प्रचलित है कि *शादी एक जुआ है, जो आंख बंद कर के खेला जाता है।* पर आज के युवा शादी की इस पुरानी परिभाषा में विश्वास नहीं करते। वे शादी में फंसने से पहले खुद को पूरी तरह से सुरक्षित करना चाहते हैं। इसीलिए शादी से पहले एग्रीमेंट कराना चाहते हैं। बेशक आपने बिना किसी कॉन्ट्रैक्ट के सात फेरे ले लिए हों, पर हो सकता है कि कल आपके बच्चे बड़े हो कर या आपका छोटा भाई-बहन ऐसी ही कॉन्ट्रैक्ट मैरिज करना चाहे।

हमारा समाज लिवइन रिलेशन से एक कदम आगे बढ़ चुका है। लिवइन रिश्तों में भी आप एक समय के बाद पार्टनर से डिमांड करने लगते हैं। इस तरह के रिश्तों में धोखाधड़ी के काफी मामले सामने आ रहे हैं। शायद इसी डर की वजह से युवा अब शादी करने से पहले अपनेआप को पूरी तरह सुरक्षित करना चाहते हैं, ताकि बाद में पार्टनर किसी तरह के कमिटमेंट से पीछे ना हटे।

फैमिली एडवोकेट वी. के. सिंह के पास हर महीने कॉन्ट्रैक्ट बनवा कर शादी करने के इच्छुक युवा कपल्स बड़ी तादाद में आते हैं, इनके पास पैसों की कोई कमी नहीं होती, बड़ी-बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों में ये मोटी तन्ख्वाह पा रहे होते हैं। कुल मिला कर इनके पास सब कुछ होता है। नहीं होता तो एक मजबूत रिश्ता और साथी पर विश्वास।



**प्री न्यूपिटल कॉन्ट्रैक्ट हमारे देश में मान्य नहीं है फिर भी युवा इसे बनवाना चाहते हैं। ऐसे कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर अपने पार्टनर से कोई क्लेम नहीं कर सकते। कोर्ट ऐसे कॉन्ट्रैक्ट को नहीं मानता।**

-एडवोकेट वी. के. सिंह

इसीलिए इन्हें *प्री न्यूपिटल कॉन्ट्रैक्ट* का सहारा लेना पड़ता है। जिसमें ये साफ-साफ लिखा होता है कि हम एक-दूसरे पर कोई क्रिमिनल केस नहीं करेंगे, अगर किसी तरह की अनबन हुई भी तो आपसी रजामंदी से सुलह करके अलग हो जाएंगे।

पुणे में कार्यरत नोएडा की निवासी अनु जैन के घरवालों ने जब एक लड़के के साथ उसकी शादी पक्की कर दी, तो उसने अपने वकील को फोन किया। वह सगाई से पहले कॉन्ट्रैक्ट बनवाना चाहती थी। कॉन्ट्रैक्ट में वह कुछ बातें बिलकुल साफ लिखवाना चाहती थी कि घर का खर्च कैसे मैनेज होगा, सेक्स कितनी बार होगा, आउटिंग कितनी बार होगी। वकील ने जब उसके माता-पिता से इस बारे में बात करनी चाही, तो उसका कहना था कि आपको मम्मी-पापा से क्या लेना *जस्ट टेल मी योर फीस एंड आई विल पे।* साफ है कि लड़की पूरी तरह से आत्मनिर्भर है, पर उसे किसी पर विश्वास नहीं और ना ही वह अपनी जिंदगी में किसी तरह की दखलअंदाजी चाहती है।

क्या लड़के इस तरह के कॉन्ट्रैक्ट के लिए तैयार हो जाते हैं, पूछने पर वकील वी. के. सिंह का कहना था कि अगर लड़के कॉन्ट्रैक्ट करने से मना कर देते हैं, तो लड़कियां शादी से मुकर जाती हैं यानी लड़कों के पास कॉन्ट्रैक्ट के लिए राजी होने के अलावा कोई और चारा ही नहीं होता।

## नो कमिटमेंट प्लीज

सेक्स आज के युवाओं के लिए एक सेकेंडरी इश्यू है। इन लोगों के लिए एक से ज्यादा लोगों के साथ संबंध बनाना आम बात है, इसलिए इनके लिए यह बात कोई महत्व नहीं रखती कि इनके संबंध अपने साथी से बन रहे हैं या किसी और से। हालत यह है कि कब दोस्त के साथ रिलेशनशिप कॉफी के कप से आगे बढ़ कर बेडरूम तक पहुंच जाती है, पता ही नहीं चलता। अपने साथी के साथ इन्हें